बिहार सरकार
मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (राजभाषा)

**प्रेस विज्ञप्ति**

**संविदा पर नियोजन हेतु सूचना**
**अंतिम तिथिः– 24.02.2026 को 6:00 बजे अपराह्न तक**

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (राजभाषा), बिहार, पटना के अधीन राजभाषा पदाधिकारी के रिक्त पद के विरूद्ध 01 पद के लिए संविदा के आधार पर नियोजन हेतु सेवानिवृत्त राजभाषा पदाधिकारी से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इस प्रयोजनार्थ शर्तें निम्नवत होगीः–

1. **योग्यता / पात्रता :–**
   i. आवेदक मूल रूप से भारतीय नागरिक हो।
   ii. आवेदक की उम्र दिनांक–01.01.2026 को 64 (चौसठ) वर्ष से अधिक नहीं हो एवं पूर्ण रूप से स्वस्थ हो।
   iii. आवेदक बिहार राज्य में किसी विभाग / निकाय में राजभाषा पदाधिकारी के रूप में कार्यरत रहे हों।
   iv. सेवाकाल के अंतिम 10 वर्षों में वृहद दण्ड, सेवाकाल के अंतिम 5 वर्षों में लघु दण्ड एवं पेंशन से कटौती का कोई दण्ड (पेंशन नियमावली के अधीन) ना हो।
2. **चयन की प्रक्रिया :–** प्राप्त आवेदनों को इस प्रयोजनार्थ **सामान्य प्रशासन विभाग के स्तर पर गठित विभाग स्तरीय चयन समिति** के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाएगा। समिति आवेदक की योग्यता एवं कार्यानुभव को ध्यान में रखते हुए चयन हेतु अनुशंसा करेगी, जो अंतिम रूप से मान्य होगा।
3. **मानदेय एवं अन्य शर्तें :–** सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार के संकल्प ज्ञापांक–10000, दिनांक–10.07.2015 में निहित शर्तों के अधीन सभी प्रावधान लागू होंगे।
4. अनुबंध के आधार पर नियोजित व्यक्ति न तो सरकारी सेवक माने जायेंगे और न सरकारी सेवकों को अनुमान्य किसी भी सुविधा के हकदार माने जायेंगे। इस प्रकार नियोजित व्यक्ति द्वारा नियोजन के पश्चात् सरकारी सेवा में नियमितीकरण का दावा मान्य नहीं होगा।
5. **नियोजन की अवधि :–** संविदा के आधार पर नियोजन की अवधि नियोजन की तिथि से प्रथमतः 1 (एक) वर्ष तक अथवा उक्त पद पर नियमित प्रोन्नत्ति होने तक के लिए होगा अथवा आवश्यकतानुसार एक और वर्ष के लिए उनकी सेवा का विस्तार उनके कार्यों के समीक्षा के उपरान्त किया जा सकेगा परन्तु अधिकतम उम्र सीमा 65 वर्ष तक के लिए होगा। कार्यों की समीक्षा सावधिक अंतराल पर की जाएगी और कार्य संतोषजनक नहीं रहने पर उनकी संविदा रद्द की जा सकेगी।
6. **उक्त नियोजन सम्प्रति आरक्षण के निमित लागू प्रावधान के अधीन होंगे।**
7. **राजभाषा पदाधिकारी के पद पर संविदा के आधार पर नियोजन हेतु आवेदन पत्र का विहित प्रपत्र**

| | |
|---|---|
| | फोटो अभिप्रमाणित |

i. आवेदनकर्ता का नाम (हिन्दी एवं अंग्रेजी बड़े अक्षरों में) :–

ii. पिता/पति का नाम (हिन्दी एवं अंग्रेजी बड़े अक्षरों में) :–

iii. स्थायी पता :–

iv. जन्म तिथि :–

v. सेवानिवृत्ति की तिथि :–

vi. उम्र (दिनांक–01.01.2026 को) :– (वर्ष.......... माह.......... दिवस...........)

vii. कार्यालय का नाम जहाँ से सेवानिवृत्त हुए हैं (पदनाम सहित) :–

viii. सेवानिवृत्ति के समय प्राप्त होनेवाले वेतन/पे–बैंड/महँगाई भत्ता एवं अन्य कुल प्राप्त होनेवाली राशि :–
(पेंशन स्वीकृत्यादेश आदि की छायाप्रति संलग्न करें)

ix. क्या आप सरकारी सेवा के लिए पूर्णतः सक्षम हैं :–
(असैनिक शैल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत स्वास्थ्य प्रमाण पत्र संलग्न करें)

x. उक्त प्रक्रिया के अधीन निम्नांकित सरकारी सेवकों को सेवायें नहीं ली जा सकेगी :–
(क) जिन पर कोई निगरानी का मामला चल रहा हो।
(ख) जिन पर कोई गंभीर आरोप न्यायालय में विचाराधीन हो।
(ग) जिन पर किसी भी तरह का अपराधिक मामला दर्ज हो।
(उप कंडिका क,ख एवं ग के लिए मूल प्रति में शपथ पत्र संलग्न करें)

xi. आरक्षण कोटि :–
(सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करें)

xii. मोबाईल नं० :–

xiii. शैक्षणिक योग्यता :–

| क्र० | शैक्षणिक योग्यता | संस्थान/ विश्वविद्यालय | परीक्षा उत्तीर्णता का वर्ष | अंक | | | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | पूर्णांक | प्राप्त अंक | प्रतिशत | |
| 1 | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | |

xiv. कार्य अनुभव का विवरण

| क्र० | पद का नाम | अवधि | विभाग का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |

लोकू

8. **आवेदन पत्र के साथ निम्नांकित प्रमाण–पत्रों की स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जायेगी :–**

**i.** उम्र के प्रमाण हेतु मैट्रिक या समकक्ष परीक्षोतीर्णता का प्रमाण–पत्र।

**ii.** स्नातक स्तर पर वैकल्पिक विषय के रूप में अंग्रेजी के साथ हिन्दी में प्रतिष्ठा।

**iii.** सेवानिवृत्त पदाधिकारी के मामले में संबंधित विभाग द्वारा निर्गत पेंशन/उपादान की स्वीकृत्यादेश से संबंधित पत्र की प्रति।

**iv.** असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र।

**घोषणा–पत्र**

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा उल्लिखित सारे तथ्य सत्य हैं तथा समर्पित सभी मूल प्रमाण–पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति से संबंधित सभी मूल प्रमाण–पत्र मेरे पास उपलब्ध है एवं जब कभी इनकी माँग की जायेगी तो उन्हें निरीक्षण हेतु उपलब्ध कराया जायेगा। अगर समर्पित कोई भी प्रमाण–पत्र गलत पाया गया अथवा की गई घोषणा/उक्ति झूठी पायी गई तो नियोजन रद्द कर दी जाय और मेरे विरूद्ध अपेक्षित कानूनी कार्रवाई की जा सकेगी।

स्थान–....................

**दिनांक–..................** **आवेदक का हस्ताक्षर**

9. **आवेदन की प्राप्ति :–** उक्त पदों पर संविदा के आधार पर नियोजन हेतु इच्छुक से०नि० राजभाषा पदाधिकारी का उक्त प्रमाण–पत्रों एवं घोषणा–पत्र के साथ विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक–24.02.2026 के 6:00 बजे अपराह्न तक निम्नांकित पते पर मूल रूप में हार्ड कॉपी हाथों–हाथ, निबंधित डाक एवं ई–मेल आई०डी० (rajbhasha@bihar.gov.in) पर भेजना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही आवेदन को डाक विभाग द्वारा इस विभाग को उपलब्ध करा दिया जाय।

**अपर सचिव–सह–निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (राजभाषा), बिहार, पटना–800001, ई–मेल आई०डी०–rajbhasha@bihar.gov.in**

मूल रूप में हार्ड कॉपी हाथों–हाथ, निबंधित डाक एवं ई–मेल के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन मान्य नहीं किये जायेंगे। उक्त निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों, अधूरे भरे गये आवेदन पत्रों एवं बिना वांछित प्रमाण–पत्रों के साथ भेजे गये आवेदनों को मान्य नहीं किया जायेगा।

**अपर सचिव–सह–निदेशक**
मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (राजभाषा)

D:\NILESH (2026)\Sonu Kumar\संविदा पर नियोजन हेतु सुचना.docx